IS 15700 : 2005
सेवोत्तम प्रमाणित

# उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ
www.upavp.com
https://www.upavp.com

IS 15700
SQMS

# उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के सेवानिवृत्त / सेवारत मृतक अधिकारियों / कर्मचारियों के पेंशन प्रपत्र

नोटिफिकेशन संख्याः—889 / पेंशन / दिनांक 19.05.2009

पेंशन केस संख्या .....

अनुभाग / कार्यालय का नाम .....

अधिकारी / कर्मचारी का नाम .....

फोन / मो0 नं0.....

सेवानिवृत्त / मृत्यु होने की तिथि .....

पी0पी0ओ0 नम्बर एवं दिनांक .....

निवास का पता .....

.....

# प्रार्थना–पत्र

## भाग–1

### पेंशन / सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के लिए प्रार्थना–पत्र

(फार्म भरने से पूर्व भाग–6 में उल्लिखित निर्देश पढ़ लिये जायं)

सेवा में,

वित्त नियंत्रक,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

महोदय,

मेरा विवरण निम्नवत् है। मुझे पेंशन तथा सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी स्वीकृत करने की कृपा करें–

1. नाम .....
2. पिता / पति का नाम .....
3. सेवानिवृत्ति के पश्चात् का पता .....

   .....

   (क) स्थायी निवास स्थान .....

   (ख) पत्र व्यवहार का पता .....

   .....

   .....
4. जन्म तिथि .....
5. सेवा प्रारम्भ करने की तिथि .....
6. सेवानिवृत्ति की तिथि .....
7. अन्तिम पद जहां से सेवानिवृत्ति हुए,का पदनाम
   तथा कार्यालय / विभाग का नाम व पता .....
8. मृत्यु होने के दशा में नामिनी का नाम एवं
   पता जिसे जीवनकालीन अवशेष का भुगतान
   किया जायेगा। .....

   .....
9. बैंक / शाखा का नाम( जहाँ पेंशन का भुगतान अपेक्षित है ) .....
   सी0बी0एस0 खाता संख्या..... आई.एफ.एस.सी. कोड.....
   (ब्लैंक चेक की निरस्त प्रति संलग्न की जाये।)

10. कोई अन्य पेंशन, यदि प्राप्त करते हो तो :–

(अ) उसकी धनराशि पी0पी0ओ0 नम्बर तथा बैंक का नाम

(ब) क्या इस पेंशन में पारिवारिक पेंशन का विकल्प दिया गया ?

11. परिवार का विवरण–

| क्र0सं0 | परिवार के सदस्यों के नाम | जन्मतिथि | परिषद सेवक से सम्बन्ध | विवाहित / अविवाहित | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |
| 6. | | | | | |

**नोटः–** बच्चों की शारीरिक / मानसिक विकलंगता हो तो, स्पष्ट किया जाये तथा सक्षम चिकित्साधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाये।

**भवदीय / भवदीया,**

.....

**(परिषद अधि0 / कर्म0 के हस्ताक्षर)**

## घोषणा

मै एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया उपर्युक्त विवरण सही है। मुझे नियमानुसार पेंशन / सेवा ग्रेच्युटी, आनुतोषिक ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी तथा पेंशन स्वीकृत कर दिया जाये। मै भलीभांति अवगत हूँ कि यदि मुझे इस प्रार्थना–पत्र के आधार पर उपर्युक्त मदों में भुगतान की गयी धनराशियाँ नियमानुसार अनुमन्य धनराशियों से अधिक पायी जायेंगी तो मुझे अधिक प्राप्त धनराशियाँ वापस करनी होगी। मै वचन देता / देती हूँ कि मुझे उपरोक्तानुसार आगणित वास्तविक धनराशि की स्वीकृति के उपरान्त उपरोक्तानुसार स्वीकृत धनराशि के पुनरीक्षित किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होगी और मै अधिक प्राप्त धनराशि को तत्काल शासन / परिषद को वापस कर दूंगा / दूंगी।

.....

**(परिषद अधि0 / कर्म0 के हस्ताक्षर)**

**दो साक्षी जिनकी उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये**

(यथासंभव उसी कार्यालय के सदस्य होने चाहिए जहां से सेवानिवृत्त हुए)

1. नाम ..... हस्ताक्षर दिनांक सहित
   पदनाम .....
   पता .....
2. नाम ..... हस्ताक्षर दिनांक सहित
   पदनाम .....
   पता .....

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर
दिनांक सहित

भाग–2

# पारिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी के लिए प्रार्थना–पत्र

सेवा में,

वित्त नियंत्रक,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

महोदय,

मेरा तथा मृत परिषद अधि0/कर्म0 का विवरण निम्नवत् है। मुझे पारिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकृत करने की कृपा करें।

1. मृत परिषद सेवक का नाम .....
2. मृत परिषद सेवक के पिता/पति का नाम .....
3. मृत परिषद सेवक द्वारा धारित अन्तिम पद का नाम तथा विभाग/कार्यालय का नाम एवं पता .....
   .....
   .....
4. क्या मृत परिषद सेवक पेंशन पा रहा था?
   यदि हाँ तो– .....
   (क) सेवानिवृत्ति का दिनांक .....
   (ख) पेंशन भुगतानादेश संख्या .....
   (ग) पेंशन प्राधिकृत करने वाले अधिकारी का पदनाम तथा पता .....
   .....
   .....
5. प्रार्थी का–
   (क) नाम .....
   (ख) पिता/पति का नाम .....
   (ग) जन्मतिथि .....
   (घ) मृत परिषद सेवक से सम्बन्ध .....
6. मृत्यु के उपरान्त विधवा अथवा परिवार के सम्बन्धित सदस्य का पता जिसे पारिवारिक पेंशन स्वीकृति की जायेगी–
   (क) स्थायी निवास स्थान .....
   (ख) पत्र व्यवहार का पता .....
   .....
7. परिषद सेवक की मृत्यु का दिनांक .....
   (मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है)

8. मृत परिषद सेवक के परिवार का विवरण–

| क्र0सं0 | परिवार के सदस्यों के नाम | जन्मतिथि | परिषद सेवक से सम्बन्ध | विवाहित / अविवाहित | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |
| 6. | | | | | |

**नोटः**– बच्चों की शारीरिक / मानसिक विकलांगता हो तो, स्पष्ट किया जाये तथा सक्षम चिकित्साधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

9. बैंक / शाखा का नाम( जहाँ पेंशन का भुगतान अपेक्षित है ) .....

सी0बी0एस0 खाता संख्या.....आई.एफ.एस.सी. कोड.....

(ब्लैंक चेक की निरस्त प्रति संलग्न की जाये।)

10. अनन्तिम पारिवारिक पेंशन / ग्रेच्युटी की धनराशि (यदि कोई प्राप्त हुआ हो)

(क) पारिवारिक पेंशन .....

(ख) मृत्यु ग्रेच्युटी .....

(प्रार्थी के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान)

दिनांक सहित

## घोषणा

मै .....पत्नी / पति, पुत्र / पुत्री स्वर्गीय श्री/श्रीमती ..... को (विभाग / कार्यालय का नाम) .....द्वारा दी जाने वाली पारिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकार करते हुए यह घोषित करता / करती हूँ कि यदि नियमानुसार अनुमन्य पारिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी से अधिक धनराशि किसी त्रुटिवश भुगतान कर दी जाती है तो उसके पुनरीक्षण में तथा अधिक भुगतान की गयी धनराशि की वापसी में मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

(प्रार्थी के हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान)

दिनांक सहित

दो साक्षी जिनकी उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये

(1) नाम ..... हस्ताक्षर दिनांक सहित

पदनाम .....

पता .....

(2) नाम ..... हस्ताक्षर दिनांक सहित

पदनाम .....

पता .....

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर दिनांक सहित

*(उपर्युक्त साक्षी यथासंभव उसी कार्यालय में कार्यरत होने चाहिये जहां मृत कर्मचारी कार्यरत था। अन्य स्थिति में आहरण एवं वितरण अधिकारी साक्षियों के सम्बन्ध में अपने विवेक से निर्णय लेंगे।)*

भाग–3

# प्रार्थी का विवरण

(स्वीकृति अधिकारी को भेजी जाने वाली प्रति में यह भाग दो प्रतियों में भरकर भेजा जायेगा। कार्यालयाध्यक्ष अपने अभिलेख हेतु इस फार्म की एक प्रति ही भरवायेगें)

1. परिषद अधि0 / कर्म0 की पत्नी / पति के साथ पासपोर्ट आकार का सत्यापित संयुक्त फोटो। (मृत्यु की दशा में प्रार्थी का पासपोर्ट आकार में अपना फोटो) फोटो की तीन प्रतियां दी जायेंगी जिसमें से दो फार्मों पर चिपकाई जायेगी तथा एक प्रति एक छोटे लिफाफे में पेंशन प्रपत्र के साथ अलग से लगा दी जायेंगी।

फोटोग्राफ
(सत्यापन इस प्रकार किया जाये कि सील तथा हस्ताक्षर फोटो एवं फार्म दोनों पर हों)

2. परिषद सेवक का नाम .....
   पद नाम तथा कार्यालय का नाम .....
3. परिषद सेवक की मृत्यु की दशा में पारिवारिक पेंशन / मृत्यु ग्रेच्युटी हेतु प्रार्थी का नाम तथा परिषद सेवक से सम्बन्ध .....
4. नमूने के हस्ताक्षर :– .....
   (क) परिषद सेवक के (उसके जीवित रहने पर करवाये जायेंगे)
   1. .....
   2. .....
   3. .....
   (ख) परिषद सेवक की पत्नी / पति या अन्य प्रार्थी के (उसके जीवित रहने अथवा मृत्यु होने दोनों दशाओं में करवाये जायेंगे)
   1. .....
   2. .....
   3. .....
5. यदि परिषद सेवक या उसकी पत्नी / पति अथवा अन्य प्रार्थी अंग्रेजी, हिन्दी अथवा उर्दू में हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो दाये अथवा बाये हाथ के अंगूठे एवं उगंलियों के निशान
   (क) परिषद सेवक के .....
   (ख) पत्नी / पति या अन्य प्रार्थी के .....
6. वैयक्तिक पहचान
   (क) परिषद सेवक / पारिवारिक पेंशनर की ऊंचाई .....
   (ख) परिषद सेवक / पारिवारिक पेंशनर के पहचान चिह्न .....

विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष के दिनांक सहित हस्ताक्षर,

नाम तथा पदनाम(सील सहित)

भाग–4

# सेवा का इतिहास

परिषद सेवक का नाम .....

| क्रमांक | कब से कब तक (केवल दिनांक दिये जाएं) | पद का नाम जिस पर कार्य किया (स्थानसहित), अवकाश, असाधारण अवकाश, निलम्बन, प्रोन्नति, पदावनति, प्रतिनियुक्ति, व्यवधान की अवधियाँ भी इंगित की जाएं। | स्तम्भ–3 में दर्शायी गई अवधि का प्रकार | यदि कोई अवधि पेंशनयुक्त नहीं है तो कारण सहित उसका विवरण दिया जाय। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

**नोटः**– सेवावधि की गणना परिषद में की गयी नियमित नियुक्ति की तिथि से की जायेगी। इसमें तदर्थ एवं अनियमित सेवा की गणना सम्मिलित नही होगी।

हस्ताक्षर.....

(कार्यालयाध्यक्ष का नाम एवं पता)

भाग–5

## कार्यालयाध्यक्ष के उपयोग हेतु

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिषद सेवक का नाम | ..... | | |
| 2. | परिषद सेवक की जन्मतिथि | ..... | | |
| 3. | परिषद सेवा में आने का दिनांक | ..... | | |
| 4. | सेवानिवृत्ति का दिनांक | ..... | | |
| 5. | कुल अवधि (4–3) | वर्ष | मास | दिन |
| 6. | सैन्य सेवा, जो पेंशन के लिए अर्ह है की अवधि (एपैन्डिक्स–ए संलग्न किया जाये) | — | — | — |
| 7. | अन्य सेवा (यदि कोई हो), जिसे पेंशन हेतु अर्ह माना गया, (आदेश संलग्न करें।) | — | — | — |
| 8. | पेंशन अनर्ह सेवा – | | | |
| | (क) 20 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व की सेवा | — | — | — |
| | (ख) सेवा में विच्छेद | — | — | — |
| | (ग) पेंशन के लिए अनर्ह निलंबन की अवधि | — | — | — |
| | (घ) कोई अन्य सेवा, जो पेंशन हेतु अनर्ह हो (कारण सहित उल्लेख किया जाय) | — | — | — |
| | योग (क+ख+ग+घ) | | | |

| | | वर्ष | मास | दिन |
|---|---|---|---|---|
| 9. | पेंशन हेतु अर्ह सेवा की कुल अवधि (5+6+7–8) | — | — | — |

या .....छमाहियाँ

10. पेंशन का प्रकार — प्रतिकर / अशक्तता / रिटायरिंग / अधिवर्षिता

11. सेवा निवृत्ति के दिनांक को मूल नियम 9 (21) (1) में परिभाषित परिलब्धियॉ

12. औसत परिलब्धियों का आगणन

अन्तिम दस मास में प्राप्त / प्राप्त होने वाली परिलब्धियॉ (अनावश्यक को निरस्त कर दिया जाये)

| धारित पद | दिनांक से | दिनांक तक | परिलब्धियाँ मूल नियम 9(21)(1) में परिभाषित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

योग (स्तम्भ 4 का ) ÷10 =रू0 .....

13. पेंशन का आगणन .....

14. सर्विस ग्रेच्युटी का आगणन(पेंशन अर्ह सेवा दस वर्ष से कम होने पर पेंशन के स्थान पर अनुमन्य) .....

15. सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी का आगणन .....

16. सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी की धनराशि से कटौती (यदि कोई हो) .....

17. सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी की शुद्ध धनराशि .....

18. पारिवारिक पेंशन का आगणन .....

(क) सामान्य दर

(ख) 7 वर्ष की सेवा के उपरान्त मृत्यु की दशा में दिनांक .....से रू0 ..... प्रतिमाह तथा दिनांक ..... से रू0 ..... प्रतिमाह (सामान्य दर)

19. पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्रारम्भ होने का दिनांक

20. पेंशन की धनराशि रू0

21. अनन्तिम पेंशन/पारिवारिक पेंशन (यदि कोई स्वीकृति की गयी हो)

22. अनन्तिम सेवा निवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी (यदि कोई स्वीकृति की गयी हो)

23. पेंशन प्रपत्रों के प्रेषण की तिथि के पूर्व अर्थात दिनांक ..... यह तिथि सेवानिवृत्ति के ठीक आठ माह पूर्व की होनी चाहिए) तक :–

(1) भवन निर्माण अग्रिम में से रू0 .....की धनराशि देना शेष है/कोई धनराशि शेष नही है।

(2) मोटरकार/मोटरसाइकिल/स्कूटर/मोपेड आदि अग्रिम में से रू0 .....की धनरशि शेष है/कोई धनराशि शेष नही है।

(3) किसी अन्य प्रकार के अग्रिम में से रू0 ..... की धनराशि शेष है/कोई धनराशि शेष नही है।

(4) परिषद/सरकारी भवन में आवास करने हेतु दिनांक ..... तक रू0 ..... की धनराशि किराये के रूप में अवशेष है/कोई धनराशि अवशेष नही है तथा सेवानिवृत्त के दिनांक ..... तक रू0 ..... और देना शेष रह जायेगा।

(5) आडिट के परिणामस्वरूप रू0 ..... की धनराशि देय है/कोई धनराशि देय नही है।

(6) विभागीय अथवा किसी अन्य कार्यवाही के परिणामस्वरूप रू0 .....की धनराशि देय है/कोई धनराशि देय नही है।

(7) अन्य मदों में (मद स्पष्ट की जाय) रू0 ..... की धनराशि देय है/कोई धनराशि देय नही है।

24. क्या श्री ..... (परिषद सेवक का नाम) के विरूद्व कोई न्यायिक/(विभागीय अथवा प्रशासनाधिकरण जॉच लम्बित है, यदि हाँ तो वर्तमान स्थिति बताई जाये (यदि लम्बित है तो उसका संक्षिप्त विवरण जैसे यदि परिषद को वित्तीय हानि पहुँचाई गयी हो तो उसका आधार एवं धनराशि अथवा यदि गम्भीर दुराचरण के दोषी हों तो उसका विवरण, दिया जाये)

नोटः– विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि समस्त कालम स्पष्ट रूप से पूर्ण किये गये हों।

विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के
दिनांक सहित हस्ताक्षर तथा पदनाम

## भाग–6

### खण्ड–1 (नियम तथा प्रक्रिया)

1. पेंशन प्रपत्रों की तैयारी :

पेंशन प्रपत्रों की तैयारी सेवानिवृत्त के दिनांक से 24 मास पूर्व प्रारम्भ की जायेगी और उसके लिए निम्नलिखित 24 मासीय समय–सारणी का पालन करना होगा–

**(1) 16 मास की अवधि में–**

पेंशन प्रपत्र की तैयारी हेतु सर्वप्रथम सेवा पुस्तिका की जांच करके अर्हकारी सेवा की गणना की जायेगी। यदि सेवा पुस्तिका के कोई अंश असत्यापित हों अथवा पूर्ण न हो तो ऐसे अंशों को सम्बन्धित अभिलेखों के आधार पर सत्यापित करके सेवा पुस्तिका को पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही परिषद सेवक के विरूद्ध अवशेष देयों की जानकारी हेतु इस प्रकार कदम उठाये जायेंगे कि ऐसी जानकारी सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व उपलब्ध हो जाय।

(2) सेवा पुस्तिका को पेंशन प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। पेंशन देयों की स्वीकृति के उपरान्त सेवा पुस्तिका को सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को वापस कर दिया जायेगा।

**(3) अगले आठ मास की अवधि में–**

(क) प्रथम मास की अवधि में पेंशन प्रपत्र की तैयारी का वास्तविक कार्य पूर्णकर सेवानिवृत्ति के कम से कम 6 मास पूर्व पेंशन प्रपत्र को वित्त नियंत्रक/मुख्य लेखाधिकारी के पास भेज दिया जायेगा।

(ख) यदि पेंशन प्रपत्र तथा सेवा पुस्तिका पूर्ण हो तो उनकी प्राप्ति के उपरान्त वित्त नियंत्रक/मुख्य लेखाधिकारी द्वारा भुगतान आदेश इस अभ्युक्ति के साथ निर्गत किये जायेंगे कि कौन–सा भुगतान किस तिथि से प्रभावी होगा। यदि प्रपत्रों में कोई कमी पायी जायेगी तो उन्हे सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को वापस कर दिया जायेगा और उनसे यह अपेक्षित होगा कि वे त्रुटि सुधार करने के उपरान्त उन्हें तत्काल वापस कर दें।

(ग) पेंशन, ग्रेच्युटी के भुगतानादेश सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के दिनांक को दे दिये जायेंगे किन्तु यह भुगतानादेश अगले दो मास तक इस उद्देश्य से अनन्तिम समझे जायेंगे कि दो माहों में अवशेष देयों की स्थिति स्पष्ट करके ग्रेच्युटी की धनराशि अन्तिम रूप से भुगतान हो जाय। इस सम्बन्ध में अग्रसारण अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति के दिनांक के अगले दिन निर्धारित प्रारूप पर एक पत्र वित्त नियंत्रक/मुख्य लेखाधिकारी को भेजा जायेगा।

2. **सेवा का इतिहास** :पेंशन प्रपत्र के भाग–4 में सेवा का इतिहास दिया जायेगा। इस हेतु पूरी सेवा पुस्तिका की प्रतिलिपि करने की आवश्यकता नहीं है। विभिन्न नियुक्तियां, पदोन्नतियाँ तथा सेवा समाप्ति के दिनांक, मास तथा वर्ष देना पर्याप्त है। छूटी अवधियाँ जोड़ने के प्रयोजन के लिए एक माह 30 दिन का गिना जाता है।

परिषद सेवा में प्रवेश/पदोन्नति तथा प्रत्यावर्तन आदि के दिनांक सही रूप से अभिलिखित एवं प्रमाणित किये जाने चाहिए। जिस परिषद सेवक को कभी निलम्बित, अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया हो, सेवा से हटाया गया हो या पदच्युत किया गया हो और तत्पश्चात् उसे सेवा में पुर्नस्थापित किया गया हो तो उसके पुर्नस्थापन के आदेश की प्रतिलिपि यदि उपलब्ध हो, तो उसे लगाया जाना चाहिए।

3. **जन्म दिनांक** : (क) प्रत्येक परिषद सेवक का जन्म दिनांक जैसा उसके सेवा में प्रवेश के समय हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने के प्रमाण–पत्र में अभिलिखित हो माना जायेगा लेकिन जहां किसी परिषद सेवक ने ऐसी सेवा में प्रवेश करने के पश्चात् ऐसी परीक्षा उत्तीर्ण न की हो वहां उसके परिषद सेवा में प्रवेश करने के समय उसकी सेवा पुस्तिका में अभिलिखित दिनांक उसके सेवा सम्बन्धी सभी प्रयोजनों के लिए जिसके अन्तर्गत पदोन्नति/अधिवार्षिकी/समय पूर्व सेवानिवृत्ति या सेवानिवृत्ति सम्मिलित है, उसका ठीक जन्म दिनांक माना जायेगा और ऐसे दिनांक को शुद्ध करने के बारे में कोई आवेदन पत्र या अभ्यावेदन किसी भी परिस्थिति में ग्रहण नहीं किया जायेगा।

(ख) जन्म दिनांक के सामने केवल वर्ष का उल्लेख होने पर उस वर्ष की पहली जुलाई जन्मतिथि मानी जायेगी और परिषद सेवक 30 जून को सेवानिवृत्त होगा। यदि वर्ष और मास दोनों लिखे हैं तो जन्म दिनांक उस मास की 16 तारीख माना जायेगा और परिषद सेवक मास के अन्तिम दिन को सेवानिवृत्त होगा। माह का प्रथम दिन जन्म दिनांक होने पर परिषद सेवक पिछले माह के अंतिम दिनांक को सेवानिवृत्त हो जायेगा।

4. **पेंशन अर्ह सेवा** : (क) सेवा प्रारम्भ करने के दिनांक से सेवानिवृत्ति/मृत्यु के दिनांक तक की गयी सेवा पेंशन अर्ह सेवा मानी जाती है। 20 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व की गयी सेवा पेंशन हेतु अर्ह नहीं होगी। सारी कार्यावधि (ड्यूटी) तथा सारा सवेतन अवकाश, चाहे पूर्ण वेतन पर हो या अर्द्ध वेतन पर, पेंशन अर्ह होगी। वेतन रहित अवकाश निम्नलिखित तीन स्थितियों के अतिरिक्त पेंशन अर्ह नहीं है:–

1. सक्षम चिकित्सक प्राधिकारी द्वारा दिये गये चिकित्सा प्रमाण–पत्र के आधार पर।
2. नागरिक अशान्ति होने के कारण ड्यूटी पर आने अथवा पुनः आने में उसकी असमर्थता, अथवा
3. उच्च तकनीकी और वैज्ञानिक अध्ययनों में अनुशीलन के कारण।

निलम्बन की अवधि पेंशन हेतु अर्ह नहीं है किन्तु सेवा पुस्तिका में किसी विशेष प्रविष्टि के न होने पर निलम्बन की अवधि अर्ह सेवा में गिनी जायेगी।

सेवा में हुआ व्यवधान पेंशन हेतु अर्ह नहीं है किन्तु सेवा रिकार्ड में कोई विशेष संकेत न होने पर परिषद के अन्तर्गत की गयी सेवा की दो अवधियों के बीच हुए व्यवधान/व्यवधानों को स्वतः मर्षित माना जायेगा और पेंशन के लिए व्यवधान/व्यवधानों से पूर्व की सेवा पेंशन अर्ह मानी जायेगी सिवाय इसके कि जहां अन्यथा यह जानकारी हो कि व्यवधान सेवा से त्यागपत्र देने/ बरखास्त कर दिये जाने अथवा सेवा से निकाल दिये जाने अथवा किसी हड़ताल में भाग लेने के कारण हुआ हो।

(ख) पूर्ण अर्हकारी सेवा को पूर्ण छमाहियों में परिवर्तित किया जायेगा और ऐसी छमाहियों की गणना करते समय तीन मास या उससे अधिक की अवधि को एक छमाही माना जायेगा। उदाहरणार्थ 29 वर्ष 9 मास की पेंशन अर्ह सेवा 30 वर्ष या 60 छमाहियाँ मानी जायेगी।

**5. पेंशन का आगणन** : दिनांक 1.1.86 से पेंशन की धनराशि मूल नियम 9 (21) (1) में परिभाषित सेवानिवृत्ति के अन्तिम दस मास के औसत वेतन का 50% होगी बशर्ते परिषद सेवक ने 33 वर्ष की पेंशन अर्ह सेवा पूर्ण कर ली हो। यदि पेंशन अर्ह सेवा की अविध कम है तो पेंशन की धनराशि उसी अनुपात में कम हो जायेगी। ऐसे परिषद सेवक जो दिनांक 1.1.86 के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए हो किन्तु उनकी सेवा के अन्तिम दस माह का कुछ भाग दिनांक 1.1.86 से पूर्व का हो तो उस भाग के लिए जो दिनांक 1.1.86 से पूर्व का है परिलब्धियों का आशय मूल नियम 9 (21) में परिभाषित वेतन से होगा।

**6. ग्रेच्युटी : (क)सेवा निवृत्त ग्रेच्युटी** –दिनांक 01.01.96 के उपरान्त सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी केवल उन्ही परिषद सेवकों को अनुमन्य है, जिन्होने 5 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी कर ली हो। सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की धनराशि अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिए अन्तिम आहरित परिलब्धियों एवं उस पर अनुमन्य मॅहगाई के योग के 1/4 के बराबर होगी जिसका अधिकतम परिलब्धियों के साढ़े सोलह गुने के बराबर अथवा रूपये 3.5 लाख, जो भी कम हो, से अधिक नही होगी।

उदाहरणार्थ, यदि मूल नियम 9(21) (1) में परिभाषित अंतिम वेतन रू0 5000 है तथा सेवानिवृत्ति के दिनांक को इस अंतिम वेतन पर तत्समय अनुमन्य मॅहगाई भत्ता रू0 1000/– था और पेंशन अर्ह सेवा 30 वर्ष है तो सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी = 1/4×(5000+1000)×60 = 90.000/– होगी।

**(ख) मृत्यु ग्रेच्युटी**

मृत्यु ग्रेच्युटी की दरें निम्न प्रकार की हैं–

| | सेवा अवधि | मृत्यु ग्रेच्युटी की दर |
|---|---|---|
| 1. | एक वर्ष से कम | परिलब्धियों का दो गुना |
| 2. | एक वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 5 वर्ष से कम | परिलब्धियों का छः गुना |
| 3. | पाँच वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम | परिलब्धियों का 12 गुना |
| 4. | 20 वर्ष या उससे अधिक | अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिए परिलब्धियों के 1/2 के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित परिलब्धियों के 33 गुने के बराबर अथवा रूपये 3.5 लाख, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी। |

(ग) दिनांक 16.09.1993 को एवं दिनांक 31.03.1995 के मध्य सेवानिवृत्ति/मृत परिषद सेवकों के प्रकरण में ग्रेच्युटी की गणना हेतु अन्तिम आहरित वेतन के साथ 20 प्रतिशत मॅहगाई भत्ता सम्मिलित होगा।

दिनांक 01.04.95 से 31.12.1995 की अवधि में ग्रेच्युटी की गणना हेतु अन्तिम आहरित वेतन में 97 प्रतिशत मॅहगाई भत्ता जोड़ा जायेगा। दिनांक 01.01.1996 से ग्रेच्युटी की गणना हेतु अन्तिम आहरित वेतन एवं उस पर अनुमन्य सम्पूर्ण मॅहगाई भत्ते की धनराशि को सम्मिलित किया जायेगा।

**7. ग्रेच्युटी भुगतान हेतु परिवार की परिभाषा : परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हैं–**

(क) पत्नी/पति

(ख) पुत्र (सौतेली और गोद ली गयी सन्तानें भी)

(ग) अविवाहित तथा विधवा पुत्रियां

(घ) 18 वर्ष की आयु से कम भाई, अविवाहित तथा विधवा बहनें (सौतेले भाई बहन भी)

(च) पिता/माता

(छ) विवाहिता पुत्रियां (सौतेली पुत्रियां भी)

(ज) पूर्व मृत पुत्र की सन्तानें भी।

8. **पारिवारिक पेंशन की दरें :**

दिनांक 1.1.86 के उपरान्त निम्न दरों पर पारिवारिक पेंशन अनुमन्य हैं:–

| **मूल वेतन प्रतिमास** | **पारिवारिक पेंशन दर** |
|---|---|
| 1500 रू0 से अनधिक | मूल वेतन का 30 प्रतिशत |
| 1500 रू0 से अधिक किन्तु रू0 3000 से अनधिक | मूल वेतन का 20 प्रतिशत जिसका न्यूनतम रू0 450 प्रतिमास होगा |
| 3000 रू0 से अधिक | मूल वेतन का 15 प्रतिशत जिसका न्यूनतम् रू0 600 तथा अधिकतम रू0 1250 होगा। |

तथा दिनांक 01.01.96 से पारिवारिक पेंशन मूलवेतन के 30 प्रतिशत की दर से अथवा न्यूनतम 1275/– अनुमन्य होगी।

9. **पारिवारिक पेंशन के लिए परिवार की परिभाषा :**

(1) पत्नी/पति

*(2) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम के पुत्र — सौतेली तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व विधिवत गोद ली गयी सन्ताने भी।

*(3) मृत्यु के दिन 25 वर्ष से कम आयु की अविवाहित पुत्रियाँ

*(4) विधवा/तलाकशुदा पुत्रियाँ

*(5) माता–पिता (दोनो में एक) जो स्वर्गीय कर्मचारी पर पूर्ण रूप से आश्रित हों।

पारिवारिक पेंशन उपर्युक्त क्रम में एक समय में एक सदस्य को ही अनुमन्य है। विकलांग तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त संतानों पर आयु का बंधन नही है।

* प्रतिबंध यह है कि सभी श्रोतो से प्राप्त मासिक आय रू0 2,550/– प्रतिमाह से अधिक न हो।

10. **अस्थायी परिषद सेवकों को पेंशन की अनुमन्यता :** ऐसे अस्थायी परिषद सेवकों को जिन्होंने दिनांक 1–6–89 के पूर्व अथवा उसके बाद अपनी सेवानिवृत्ति के दिनांक तक कम से कम 10 वर्ष की अस्थायी सेवा पूर्ण कर ली हो, स्थायी परिषद सेवकों की भाँति, सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्राविधानों के अन्तर्गत पेंशन तथा ग्रेच्युटी अनुमन्य होगी।

---

## खण्ड–2

## प्रपत्र भरने के सम्बन्ध में अनुदेश

### भाग–1

**(सामान्यतया दो प्रतियों में भरा जायेगा। प्रदेश से बाहर पेंशन आहरित करने के मामलों में चार प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होगी)**

1. यह प्रार्थना पत्र अधिवर्षिता पर, स्वेच्छा से, अनिवार्य रूप से, अथवा अन्य प्रकार से सेवानिवृत्त होने वाले परिषद सेवकों द्वारा भरा जायेगा। कम्पन्शेसन तथा इनवैलिड पेंशन के मामलों में भी यही प्रार्थना–पत्र प्रयोग में लाया जायेगा। अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के मामलों में इस प्रार्थना–पत्र को सेवानिवृत्ति के दिनांक के आठ माह पूर्व भरा जाना अनिवार्य है।

2. इस प्रार्थना पत्र को संबंधित परिषद सेवक द्वारा सावधानीपूर्वक भरा जायेगा क्योंकि त्रुटि अथवा अपूर्ण छोड़ देने से उसके पेंशन स्वीकृति के मामले में विलंब हो सकता है।

3. इस भाग में उल्लिखित घोषणा पर सम्बन्धित परिषद सेवक द्वारा सावधानीपूर्वक पढ़ने के उपरान्त हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

4. घोषणा पर हस्ताक्षर करने के साक्ष्य हेतु सम्बन्धित साक्षी यथा संभव उसी कार्यालय के सदस्य होने चाहिए जहां से परिषद सेवक सेवानिवृत्त हुआ है। साक्षियों के उसी कार्यालय का सदस्य न होने की स्थिति में संबंधित कार्यालयाध्यक्ष साक्षियों के चयन में अपने पूर्ण विवेक से काम लेंगे क्योंकि परिषद को हानि होने की दशा में साक्षी जिम्मेदार होंगे।

भाग--2

(सामान्यतः दो प्रतियों में भरा जायेगा)

1. यह प्रार्थना पत्र पारिवारिक पेंशन/मृत्यु ग्रेच्युटी प्राप्त करने हेतु परिषद सेवक की मृत्यु के उपरान्त विधवा अथवा परिवार के सम्बन्धित सदस्य जिसे पारिवारिक पेंशन/मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकृत की जा सकती है, द्वारा भरा जायेगा।

2. इस प्रार्थना–पत्र को मृत परिषद सेवक के परिवार के सम्बन्धित सदस्य द्वारा सावधानीपूर्वक भरा जायेगा क्योंकि त्रुटि अथवा अपूर्ण छोड़ देने से उसके पारिवारिक पेंशन/मृत्यु ग्रेच्युटी की स्वीकृति के मामले में विलम्ब हो सकता है।

3. इस भाग में उल्लिखित घोषणा पर परिषद सेवक के परिवार के सम्बन्धित सदस्य द्वारा सावधानीपूर्वक पढ़ने के उपरान्त हस्ताक्षर किये जाने चाहिए।

4. घोषणा पर हस्ताक्षर करने के साक्ष्य हेतु सम्बन्धित साक्षी यथासम्भव उसी कार्यालय के सदस्य होने चाहिए जहां परिषद सेवक मृत्यु के पूर्व कार्यरत था। साक्षियों के उसी कार्यालय के सदस्य न होने की स्थिति में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष साक्षियों के चयन में अपने पूर्ण विवेक से काम लेंगे क्योंकि परिषद को हानि होने की दशा में साक्षी जिम्मेदार होंगे।

भाग–3

1. यह विवरण सेवा निवृत्त होने वाले परिषद सेवक द्वारा तथा सेवारत मृत्यु के उपरान्त परिवार के सम्बन्धित सदस्य द्वारा, दोनों दशाओं में, भरा जायेगा।

2. स्तम्भ 3 एवं 4 में नमूने के हस्ताक्षर करवाये जायेंगे किन्तु यदि प्रार्थी हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो स्तम्भ 5 में पुरूष की स्थिति में बायें हाथ के अथवा स्त्री की स्थिति में दायें हाथ के अंगूठे तथा उंगलियों के निशान लगवाये जायेंगे।

3. पहचान चिन्ह शरीर के ऐसे भागों, जैसे चेहरा हाथ आदि जो बाहर दीखते है, के होने चाहिए। यदि बाहरी भागों पर कोई ऐसा चिन्ह न हो तो भीतरी भाग के पहचान चिन्ह भी इंगित किये जा सकते हैं।

4. सामान्यतया परिषद सेवक को अपनी पत्नी/पति के साथ का संयुक्त फोटो देना चाहिए। यदि पत्नी/पति में से एक ही जीवित हो अथवा पत्नी/पति में सम्बन्ध विच्छेद हो गया हो तो पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर केवल अपना ही फोटो दे सकता है। फोटो की 3 प्रतियां प्रस्तुत की जायेंगी, जिनमें से दो प्रतियां फार्म्स में चिपकायी जायेंगी तथा एक प्रति छोटे लिफाफे में पेंशन प्रपत्र के साथ डिस्चर्सर्स हाफ पर लगाने हेतु अलग से रख दी जायेंगी। फोटोग्राफ की सभी प्रतियों को कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अनुप्रमाणित किया जायेगा।

5. उपरोक्त विवरण केवल 18 वर्ष या उससे अधिक के आयु के प्रार्थियों का ही दिया जायेगा। भुगतान पाने के लिए अर्ह व्यक्ति के अवयस्क होने की दशा में विधिक संरक्षक को भुगतान किया जायेगा।

भाग–4

इस भाग में सेवा पुस्तिका के आधार पर आगणित अर्हकारी सेवा का इतिहास दिया जायेगा। इस हेतु पूरी सेवा पुस्तिका की प्रतिलिपि करने की आवश्यकता नहीं है। विभिन्न नियुक्तियों, पदोन्नतियों तथा सेवा समाप्ति के दिनांक, मास तथा वर्ष का देना पर्याप्त है। अनर्हकारी सेवा की अवधियां तथा उनका पूर्ण विवरण भी दिया जायेगा। यदि कोई अवधि मर्षण योग्य हो तो उसका भी विवरण भी दिया जायेगा।

2. सेवावधि की गणना परिषद में की गयी नियमित नियुक्ति की तिथि से की जायेगी। इसमें तदर्थ एवं अनियमित सेवा की गणना सम्मिलित नही होगी।

भाग--5

1. पेंशन, पारिवारिक पेंशन, सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी, मृत्यु ग्रेच्युटी की राशियों के आगणन हेतु कृपया खण्ड–1 में उल्लखित अनुदेश भली प्रकार पढ़ लिए जायं।

2. परिषद सेवक के विरूद्ध देयों की स्थिति की जानकारी करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पूर्व प्रारम्भ करनी चाहिए और स्तम्भ–23 के द्वारा पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी को विभिन्न देयों/जांच के बारे में सेवानिवृत्ति की तिथि के आठ माह पूर्व की स्थिति से अवगत करा दिया जाय। अदेयता प्रमाण–पत्र अंतिम पांच वर्ष की सेवा की छानबीन के आधार पर निर्गत किया जायेगा। यदि अन्यथा इस बात की जानकारी हो कि पांच वर्ष से पहले की अवधि से सम्बन्धित परिषद सेवक के विरूद्ध कोई शासकीय देय है तो पांच वर्ष से पहले के अभिलेखों की भी जांच की जायेगी। 5 वर्ष की अवधि की छानबीन करने हेतु कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उन सभी कार्यालयों से जहां सम्बन्धित परिषद सेवक ने कार्य किया हो, अदेयता के विषय में पूछताछ की जायेगी और सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व की स्थिति को भाग–5 में दर्शा दिया जायेगा। सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह प्रयास किया जायेगा कि इस भाग में दर्शाये

गये सभी देयों की सेवानिवृत्ति के दिनांक तक वसूली पूर्ण हो जाय किन्तु यदि किसी मद में वसूली पूर्ण न हो पाये अथवा किसी अधिकारी से देयता के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र प्राप्त न हो पाये तो संलग्नक–1 पर इस आशय का एक बन्ध पत्र भरवाकर यदि सेवानिवृत्ति के दो वर्ष के अन्दर उसके विरूद्ध कोई देय निकलते हैं तो उसकी वसूली उससे कर ली जायेगी, ग्रेच्युटी की शेष धनराशि भी अवमुक्त कर दी जायेगी। सेवारत मृत्यु होने की दशा में उत्तराधिकारियों से संलग्नक–2 पर बन्ध पत्र भरवाया जायेगा। बन्ध पत्रों पर देय स्टैम्प ड्यूटी परिषद द्वारा वहन की जायेगी।

3. इस भाग के स्तम्भ–23 में दर्शायी गयी विभिन्न मदों के सम्बन्ध में कार्यवाही निम्नवत् की जायेगीः–

1– सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष भवन निर्माण, वाहन अथवा अन्य अग्रिमों की वसूली की आठ माह पूर्व की स्थिति का आंकलन अपने अभिलेखों के आधार पर करेंगे। प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के परिषद अधिकारियों द्वारा लिए गए अग्रिमों की स्थिति का आंकलन वित्त नियंत्रक के लेखों के आधार पर किया जायेगा। सामान्यतया सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व ऐसे देयों की स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए और सेवानिवृत्त के पूर्व ऐसे देयों की वसूली पूर्ण हो जानी चाहिए किन्तु यदि किसी कारणवश ऐसा न हो पाये तो शेष धनराशि की वसूली को बन्ध पत्र–1 से आच्छादित मानकर ग्रेच्युटी को अवमुक्त कर दिया जायेगा।

2– सरकारी भवन में आवासित परिषद सेवकों से किराया वसूल करने का दायित्व समन्वय कोष्ठ अथवा सम्बन्धित कार्यालयों का होता है। उनका दायित्व है कि वे नियमित रूप से ऐसी वसूली करते रहें किन्तु यदि किसी मामले में कोई अवशेष देय रह जाय तो सम्बन्धित परिषद सेवक की सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व तक की पूर्ण सूचना समन्वय कोष्ठ अथवा सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को प्रेषित कर दी जायेगी जिससे सम्बन्धित कार्यालयाध्याक्ष द्वारा उसकी अगले आठ माह में वसूली करके शून्य "लास्ट ड्यूज सर्टिफिकेट" भेजा जा सके और सेवानिवृत्ति के उपरान्त के चार माह के किराये (एक माह का किराया सामान्य दर पर तथा तीन माह का किराया मानक दर पर) की वसूली ग्रेच्युटी से करके ग्रेच्युटी अवमुक्त की जा सके।

3– कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अन्य सभी प्रकार की वसूलियों की स्थिति का आंकलन भी हर दशा में सेवानिवृत्ति के आठ माह पूर्व पूर्ण कर लेना चाहिए और शेष आठ माहों में वसूल होने वाली शेष धनराशि को इस भाग में दर्शाकर शेष धनराशि अगले आठ माह में वसूल कर लेना चाहिए। सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी से सेवानिवृत्ति के दिनांक तक केवल जानकारी में आ गये देयों की वसूली की जा सकती है। अतः सेवानिवृत्ति के दिनांक तक जानकारी में न आ पाये देयों की वसूली हेतु बन्ध–पत्र (संलग्न–1) भरवाकर शेष ग्रेच्युटी अवमुक्त कर दी जाय।

4– इसी स्तम्भ के उप पैरा (8) में आठ माह पूर्व तक की न्यायिक, विभागीय अथवा प्रशासनाधिकरण की जांच की स्थिति दर्शायी जायेगी। सेवानिवृत्ति के दिनांक की स्थिति पुनः "लास्ट ड्यूज सर्टिफिकेट" में दर्शा दी जायेगी जिससे पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी की यह जानकारी हो जाय कि ग्रेच्युटी की पूर्ण धनराशि अवमुक्त की जा सकती है अथवा नहीं। सतर्कता आयोग द्वारा की जा रही जाँच के आधार पर ग्रेच्युटी नहीं रोकी जायेगी।

U.P. AVAS EVAM VIKAS PARISHAD, LUCKNOW
[LEKHA ANUBHAG]
No. 889/Pension
May 19, 2009

# Notification

**U.P. Avas Evam Vikas Parishad Employees Pension/ Family Pension and Gratuity Regulation**

Where as the Hon'ble High court of Judicature at Allahabad ,Lucknow Bench Lucknow has passed an order on January16, 2009 in writ petition no. 582(SB)/2000 directing the U.P.Avas Evam Vikas Parishad to implement the Pension/ Family Pension and Gratuity in accordance with its Regulation passed on dated November 5,1997.

Now therefore, the U.P. Avas Evam Vikas Parishad , in exercise of the power under clause (f), (i) & (n) of sub section (1) of section 95of U.P.Avas Evam Vikas Parishad Adhiniyam 1965 (U.P.Act 1 of 1966) has decided that the Pension/ Family Pension and Gratuity admissible to the officers and employees of State Government ,which is governed by the following rules, schemes and Government orders shall also be admissible(excluding Pension commutation) to the officers and employees of the U.P.Avas Evam Vikas Parishad.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Civil Service Regulations as applicable in U.P. | As amended |
| 2. | Uttar Pradesh Liberalized Pension Rules1961 | .....do..... |
| 3. | U.P. Retirement benefit Rules 1961 | .....do..... |
| 4. | New Family Pension Scheme 1965 | .....do..... |
| 5. | All orders of finance department of U.P.Government as related to Pension/Family Pension/Gratuity. | .....do..... |
| 6. | Newly defined Contributory Pension rules according to notification No. lk-3-379/nl-2005-301(9)/2003 dated March 28, 2005 applicable to officers and employees of State Govt. who have joined services on April 01, 2005 or onwards. | .....do..... |

The orders with respect to the Pension/Family Pension / Gratuity issued time to time by the state govt. shall also be applicable to the officers and employees of U.P. Avas Evam Vikas Parishad.

It has also been decided by the Parishad that General Provident Fund Rules 1985, shall be applicable to the officers and employees of U.P. Avas Evam Vikas Parishad instead of Contributory Provident Fund (CPF) Regulation 1973.

In GPF Rules and Govt. Rules/Orders issued in this regard, 'Govt.' means the 'U.P.Avas Evam Vikas Parishad', 'Accountant General' means 'Finance Controller of U.P. Avas Evam Vikas Parishad' & 'Head of Department' means 'Housing Commissioner'.

The State Government shall not provide any financial assistance for the implementation of the said Pension Scheme.

Contents of the notification shall come into force w.e.f. January 1, 1996 and such officers and employees of U.P.Avas Evam Vikas Parishad who have retired on or after the said date shall be benefited with the said decision.

Newly Defined Contributory Pension Rules notified by the State Government shall be applicable to those employees who have joined Parishad services on April 01, 2005 or onwards.

Sd-

**(Deepak Kumar)**
Housing Commissioner

# उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ

## (लेखा अनुभाग)

## सं0 889 / पेंशन

## 19 मई 2009 ई0

## अधिसूचना

**उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद के कार्मिकों हेतु पेंशन / पारिवारिक पेंशन एवं ग्रेच्युटी विनियमावली**

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद,लखनऊ बेन्च लखनऊ ने रिट याचिका सं0 582(एस.बी.) / 2000 में दिनांक जनवरी,16, 2009 को आदेश पारित करते हुए, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद को निर्देशित किया है कि दिनॉक 5.11.97 को निदेशक मंण्डल द्वारा अनुमोदित विनियमावली निर्णयानुसार परिषद कार्मिकों को पेंशन / पारिवारिक पेंशन एवं ग्रेच्युटी यथावत लागू करे।

